**दावा प्रकरण क्र.–61/2025 मीठूराम कश्यप विरूद्ध भूपेन्द्र कुमार साहू व अन्य**

**गवाह नंबर 01 आवेदक साक्षी मीठूराम कश्यप पिता–समडुराम कश्यप, उम्र 25 वर्ष**

**टीपः– साक्षी का मुख्य परीक्षण आदेश 18 नियम 04 व्यवहार प्रक्रिया संहिता पेश है । साक्षी को आज दिनांक 07/01/2026 को शपथ दिलाकर प्रतिपरीक्षण प्रारंभ किया गया ।**

**प्रतिपरीक्षण द्वारा श्री विजय साहू अधिवक्ता वास्ते अनावेदक क्र.–1 एवं 2**

**07–** यह कहना गलत है कि दुर्घटना मेरी लापरवाही के कारण हुयी है । यह कहना गलत है कि मुझे मोटर सायकल चलाना नहीं आता है ।

**08–** यह कहना सही है कि मेरे पास मोटर सायकल चलाने का लाईसेंस नहीं है । यह कहना गलत है कि मेरे द्वारा अपने ईलाज के संबंध में झूठा बिल प्रस्तुत किया हूं ।

**09–** यह कहना गलत है कि मुझे शासन से ईलाज से समस्त खर्चों का भुगतान हो गया है । यह कहना गलत है कि मैंने क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त करने के लिए झूठे आधारों पर आवेदन प्रस्तुत किया है ।

**प्रतिपरीक्षण द्वारा श्री विजय के.पी. गुप्ता अधिवक्ता वास्ते अनावेदक क्र.–3**

**10–** यह कहना गलत है कि मुझे जो चोटें आयी है वह दिनांक 07.12.2024 को कोई दुर्घटना के कारण नहीं आयी है ।

**11–** यह कहना गलत है कि मेरे पास मोटर सायकल चलाने का लाईसेंस नहीं होने से मैं मोटर सायकल को चलाना नहीं जानता हूं । यह कहना गलत है कि मैं स्वयं ही अपने मोटर सायकल से फिसल कर गिर गया था, जिस कारण से मुझे एवं गोयंदु मंडावी को चोटें आयी थी ।

**12–** यह कहना सही है कि मैं दुर्घटना दिनांक 07.12.2024 को शासकीय सेवक था । दुर्घटना के समय मेरी तनख्वाह 41,500/– रूपये मासिक थी । मुझे पिछले माह 43,000/– रूपये तनख्वाह मिली है ।

**13–** यह कहना सही है कि मेरे द्वारा मेरे ईलाज में हुए खर्च रूपये 6,70,840/– रूपये का समस्त बिल प्रकरण में प्रस्तुत नहीं किया हूं । स्वतः कहा कि कुछ बिल गुम हो जाने के कारण प्रस्तुत नहीं किया हूं ।

**14–** यह कहना सही है कि शासकीय सेवक को सेवा के दौरान होने वाले चिकित्सकीय व्यय की प्रतिपूर्ति उस विभाग के द्वारा की जाती है । स्वतः कहा कि मुझे कोई चिकित्सकीय बिल की प्रतिपूर्ति मेरे विभाग के द्वारा मुझे नहीं की गयी है ।

**15–** मैंने दुर्घटना में होने वाले चिकित्सकीय बिल की राशि भुगतान हेतु अपने विभाग में प्रस्तुत किया हूं, परंतु मुझे कोई चिकित्सकीय बिल की राशि प्राप्त नहीं हुयी है ।

**16–** यह कहना गलत है कि क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त करने के लिए न्यायालय के समक्ष सही बात नहीं बता रहा हूं और झूठा कथन कर रहा हूं ।

**वाचित, सत्य एवं स्वीकृत ।**

**सही/–**
**(अजय सिंह राजपूत)**
**प्रथम अपर मो०दुर्घ० दावाधिकरण**
**बस्तर स्थान जगदलपुर**

**मेरे निर्देशन पर टंकित ।**

**सही/–**
**(अजय सिंह राजपूत)**
**प्रथम अपर मो०दुर्घ० दावाधिकरण**
**बस्तर स्थान जगदलपुर**

**(साक्षी के हस्ताक्षर)**